हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की...



08 समाज के लोगों ने नगर में वाहन रैली निकाली...



खबर संक्षेप

मंदिर के पास चल रहा था जुआं, पुलिस ने पकड़ा

इटारसी। धार्मिक स्थल के पास ताश के पत्तों पर पैसों की बाजी लगा रहे जुआरियों पर पथरौटा पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। नागपुर कलां की नई बस्ती स्थित मंदिर के पास दबिश देकर पुलिस ने चार आरोपियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि नागपुर कलां नई बस्ती में भोलेनाथ मंदिर के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना पर पथरौटा थाने के आरक्षक कमलेश मंडलोई की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया।

पगारा में रिहायशी घर से 23 पेटी शराब जब्त

नर्मदापुरम। पचमढ़ी में आयोजित नागद्वारी मेले के दौरान अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है। जिसमें ग्राम पगारा में आबकारी विभाग की टीम ने एक रिहायशी मकान से बड़ी मात्रा में देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की है। ग्राम पगारा स्थित एक रिहायशी मकान में दबिश देकर देशी मदिरा जब्त की गई।

सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल एवं यातायात व्यवस्थाओं की सतत निगरानी

नागद्वारी में आस्था का सैलाब, पहले दिन 2 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी की सतपुड़ा वादियों में इन दिनों आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। शिव भक्ति को समर्पित नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले के पहले ही दिन करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने नागद्वारी पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में पिपरिया एसडीएम आकिप खान द्वारा नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रशासनिक अमला मेले के आयोजन से पहले ही पचमढ़ी में सक्रिय हो गया था। अधिकारी एवं कर्मचारी मैदानी स्तर पर मौजूद रहकर भीड़ प्रबंधन, दर्शन व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

नागद्वारी मेले के पहले ही दिन करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने नागद्वारी पहुंचकर भगवान के दर्शन किए।



जिपं सीईओ ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच जिपं सीईओ हिमांशु जैन स्वयं मैदानी स्तर पर पहुंचे और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रमुख मार्गों, भीड़ वाले क्षेत्रों तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यातायात, स्वच्छता, पेयजल और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को मौके पर देखा तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता



नागद्वारी मेले में स्वच्छता व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी गई है। प्रमुख स्थानों एवं मार्गों पर सफाई अमला तैनात किया गया है तथा कचरा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर संदेश भी प्रदर्शित किए गए हैं। देश एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागद्वारी पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, यातायात एवं दर्शन व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन का प्रयास है कि आस्था के इस बड़े आयोजन में प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक दर्शन उपलब्ध कराए जा सकें।

सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात के इंतजाम

नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल एवं आपदा प्रबंधन की टीमें प्रमुख स्थानों एवं मार्गों पर तैनात की गई हैं। भीड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेले में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की गई है। विभिन्न स्थानों पर सहायता केंद्र एवं मदद के स्टॉल बनाए गए हैं, जहां तैनात कर्मचारी श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी दे रहे हैं।

अवैध शराब और जुए पर कार्रवाई आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा एसडीओपी जितेन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब और जुए के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने जुए के फड़ से आरोपियों को दबोचने के साथ-साथ अवैध शराब भी जब्त की है।

हिंगलाज कॉलोनी में जुए पर छापा

थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला द्वारा गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि हिंगलाज कॉलोनी में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर 4 आरोपियों को पकड़ा।

पकड़े गए आरोपी

शिवम उर्फ शुभम गुप्ता, पिता भुवनेश्वर, अजय जाटव, पिता गुलाब जाटव, राज कहार, पिता दुर्गेश कहार, अनुज, पिता कलीराम जाटव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते और 23,850 रुपये नगद जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

अवैध शराब के तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों मंजू मसोरिया पति दीपक मसोरिया, उम्र 50 वर्ष, निवासी गुप्ता नर्सिंग होम के पीछे, इनके कब्जे से 30 लीटर महुआ कच्ची शराब कीमत 3,000 रुपये, जब्त की गई। सुमित गोहिया पिता पवन गोहिया, निवासी बालागंज के पास से 26 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमत 2,530 रुपये, राज कश्यप पिता दिनेश, निवासी सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के पास, नर्मदापुरम के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। इन तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। थाना कोतवाली पुलिस ने कुल 3 आबकारी प्रकरणों में लगभग 39.680 लीटर शराब कुल कीमत 5,830 रुपये और जुए के प्रकरण में 23,850 रुपये नगद सहित कुल 29,680 रुपये की अवैध सामग्री/नगदी जब्त की है।

इटारसी और मदन महल के बीच नई पैसेंजर ट्रेन को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने मध्य प्रदेश के रेल नेटवर्क को मजबूती देते हुए इटारसी और मदन महल (जबलपुर) के बीच एक नई दैनिक पैसेंजर ट्रेन (गाड़ी संख्या 51673, 51674 के संचालन को मंजूरी दे दी है। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से दोनों शहरों के बीच रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। यह ट्रेन कुल 242 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करेगी। अपने सफर के दौरान यह गाड़ी मुख्य रूप से पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर और श्रीधाम जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। इसके माध्यम से नर्मदापुरम और जबलपुर बेल्ट के कई छोटे-बड़े कस्बे आपस में जुड़ेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इटारसी से मदन महल गाड़ी संख्या 51673 पैसेंजर ट्रेन प्रतिदिन इटारसी जंक्शन से दिन में 11:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 16:45 बजे मदन महल पहुंचेगी। मदन महल से इटारसी गाड़ी संख्या 51674 ट्रेन मदन महल से शाम 17:50 बजे प्रस्थान करेगी।

मौके पर पहुंचे नपाध्यक्ष पंकज चौरे, समस्या का कराया समाधान

मुख्य पाइपलाइन में आई रुकावट को चिन्हित कर उसे दूर कराया, पेयजल आपूर्ति की सुचारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक 5 में पिछले कुछ दिनों से नागरिकों को हो रही पेयजल समस्या की शिकायत पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर समस्या का तत्काल समाधान कराया।

नपा अध्यक्ष रविवार सुबह करीब 8 बजे जल विभाग की टीम के साथ आजाद चौक से ब्रिज तक पाइपलाइन का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान जमीन की खुदाई कर पाइपलाइन के ज्वाइंट एवं वॉल्व की



स्थिति की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि पाइपलाइन के ज्वाइंट और वॉल्व सही तरीके से कार्य कर रहे हैं या नहीं। बरसते पानी के बीच अध्यक्ष पंकज चौरे और जल विभाग की टीम ने बजाज शोरूम के सामने मुख्य पाइपलाइन में आई रुकावट को चिन्हित कर उसे दूर कराया। इसके बाद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई, जिससे वार्डवासियों को राहत मिली। समस्या के समाधान के बाद नागरिकों ने नपा अध्यक्ष की तत्परता, मौके पर पहुंचकर स्वयं निरीक्षण करने और तत्काल कार्रवाई कराने की कार्यशैली की सराहना की। नागरिकों ने कहा कि बारिश के बीच मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराना उनकी सक्रियता और जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। निरीक्षण एवं समस्या के समाधान के दौरान पार्षद प्रतिनिधि अरविंद चंद्रवंशी, पार्षद जिम्मी कैथवास, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय, रिषभ सिंह चौहान, संजीव अग्रवाल, जल प्रभारी संजय दुबे, रवीन्द्र जोशी, राजा मालवीय सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप

नर्मदापुरम। गायत्री परिवार नर्मदापुरम के तत्वावधान में स्थानीय फेंकरताल क्षेत्र में संजय मीना के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ का 16वां कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 24 हजार गायत्री मंत्रों का जाप किया। इसके पश्चात एक कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें



गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र सहित विभिन्न देवी-देवताओं के नाम से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां अर्पित की गईं। इस वर्ष क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम वर्षा होने के कारण यज्ञ में वरुण देवता के लिए विशेष आहुतियां अर्पित कर अच्छी वर्षा एवं जनकल्याण की प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण, सुख-शांति एवं सभी के कल्याण की कामना भी की। गायत्री परिवार नर्मदापुरम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 24 हजार गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुण्डीय यज्ञ की श्रृंखला निरंतर आयोजित की जा रही है। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सामूहिक मंत्र जाप, यज्ञ, संस्कार एवं नशामुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

20 लाख की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का विधायक डॉ शर्मा ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की कड़ी में एक और सकारात्मक कदम उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल परिसर स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

अस्पताल परिसर के व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में यह कार्य हो रहा है, जिसकी देखरेख रोगी कल्याण समिति करती है। विधायक



के विशेष प्रयासों से इसके लिए राशि प्राप्त हुई है, जिसके तहत वर्तमान में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से पेबल ब्लॉक बिछाने, आकर्षक लाइटिंग और रेलिंग लगाने के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सुंदर, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण प्रदान करना है।

गुणवत्ता पर जोर

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बारीकी से परखी और संबंधित अधिकारियों व इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक हित के इन कार्यों में उच्च गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इनका पूरा लाभ मिल सके।

भीलाखेड़ी में उत्साह से मनाया युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भीलाखेड़ी में युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष विकास सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रनिर्माण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान ब्लॉक




अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सोलंकी, जिला महासचिव पंकज चौरे, विकास सिंह पवार, समर सोलंकी, अर्पित चौधरी, अमन प्रजापति और सागर राजपूत सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आबकारी पुलिस की संयुक्त टीम ने की जांच कार्रवाई में रेत से भरा डंपर किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संयुक्त दल द्वारा 9 अगस्त 2026 को ग्राम डोंगरवाड़ा, जासलपुर एवं निमसाड़िया क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिंदबाबा मंदिर के पास डंपर क्रमांक MP 49 H 1166 को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पाया गया। जांच में सामने आया कि डंपर में ग्राम मनवाड़ा, तहसील माखननगर से



रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। इस पर संयुक्त दल द्वारा डंपर को मौके पर जप्त कर लिया गया तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम देवेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नर्मदापुरम जितेंद्र पाठक एवं खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी देहात ऊषा मरावी, तहसीलदार सुनील शर्मा, खनि निरीक्षक बसंत पाटिल सहित खनिज एवं पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा।

द चैम्स फन स्कूल में रिजल्ट के साथ हुई राखी पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द चैम्प्स फन स्कूल में पीए-I परिणाम एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को उनके बच्चों के प्रथम मूल्यांकन के परिणामों एवं शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया गया। इस विशेष वर्कशॉप आयोजन की प्रभारी नेहा राठौर एवं अक्षिता दीवान थी। कार्यक्रम प्रभारियों ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को राखी बनाने की प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा बच्चों को स्वतंत्र रूप से अपनी कल्पनाशक्ति एवं रचनात्मक विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एसटीआर ने की नागरिकों से अपील...

श्रद्धालु सुविधा, वन सहित वन्यजीवों की सुरक्षा तथा सुरक्षित वातावरण बनाने में वन विभाग का करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पचमढ़ी में नागद्वारी मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसे लेकर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पर्यटकों एवं भक्तों से सहयोग की अपील की है। रिजर्व प्रबंधन ने प्रेसनोट भी जारी किया है। जिसके अनुसार मेला दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

वन विभाग श्रद्धालु सुविधा, वन सहित वन्यजीवों की सुरक्षा तथा सुरक्षित वातावरण के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। प्रेसनोट अनुसार यह संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर भ्रामक अथवा अपुष्ट सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। अतः आमजन व श्रद्धालुओं से अपील है कि भ्रामक सूचना पर



विश्वास ना करें तथा बिना सत्यापन के सूचना आगे प्रसारित ना करें। यदि किसी को मेला दौरान वन विभाग संबंधित कोई शिकायत व समस्या हो अथवा सुझाव हो तो हेल्पलाइन नंबर या अधिकारी के दूरभाष पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

एसटीआर ने जारी किए नंबर

- कंट्रोल रूम- 9424792105
- परिक्षेत्र अधिकारी पचमढ़ी पश्चिम- 9424792106
- परिक्षेत्र अधिकारी पचमढ़ी पूर्व- 9424792107

संपर्क कर दे सकते हैं सूचना एवं शिकायत

उक्त दूरभाष क्रमांकों पर संपर्क कर शिकायत अथवा समस्या की सूचना दी जा सकती है। यदि किसी स्थान पर मोबाइल नेटवर्क ना होने से फोन पर संपर्क संभव नहीं हो तो समस्या, शिकायत या सुझाव का एसएमएस भी उक्त नंबर्स पर भेज सकते हैं।

भारी बारिश के बीच कायस्थ समाज ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कायस्थ समाज के मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों द्वारा भारी बारिश के बीच स्थानीय देवामाई मंदिर सदर बाजार में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के माध्यम से समाज ने पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने का संदेश दिया।



कार्यक्रम में केशव देव वर्मा ने कहा कि पौधा लगाना केवल एक पौधे को जमीन में रोपना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए जीवन और पर्यावरण को सुरक्षित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में राजेंद्र श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव , नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, बैंक सेवानिवृत्त विजय वर्मा, ईरा वर्मा, ममता तिवारी , सीबी खरे, प्रीति खरे , केशव देव वर्मा आदि शामिल रहे।

खबर संक्षेप

बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से नागरिक परेशान

शाहपुर। बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से नागरिक परेशान है। कोदूलाल वर्मा वार्ड नंबर 13 के



निवासी ने बताया कि उनकी दुकान और घर के सामने बिजली पोल तिरछा हो गया है। बिजली विभाग को कई बार मौखिक सूचना देने के बाद भी सुधार नहीं किया गया। बिजली कर्मचारी इस समस्या पर ध्यान नहीं देते है। उनके घर के बाजू में सागौन का सूखा पेड़ चक्की के सामने बड़ी लाइन से टच है। वह भी कभी भी गिरकर दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। चक्की मालिक ने कई बार नगर परिषद में और बिजली विभाग को सूचित किया। उनकी समस्या का भी समाधान नहीं हुआ।

आरएसके ग्रुप ने किया कांवड़ यात्रा का पूजन



बैतूल। घोघरा से छोटा महादेव भोपाली तक कावड़ यात्रा निकाली गई। इस कावड़ यात्रा का शनिवार को राधाकृष्ण धर्मशाला में स्वागत एवं पूजन आरएसके ग्रुप के संचालक अरुण किलेदार, समाजसेवी राजू अग्रवाल, समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल, सदन आर्य, प्रवीण गुगनानी, रंजीत शिवहरे सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। जिसके पश्चात कावड़ यात्रा छोटा महादेव भोपाली के लिए रवाना हुई। गौरतलब है कि श्रावण मास में कईयों श्रद्धालु कावड़ यात्रा निकालकर छोटा महादेव भोपाली पहुंचते है। जहां पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करते है।

घर में सो रहे बच्चे को सांप ने काटा, मौत

बैतूल। रविवार सुबह मंडई बुजुर्ग गांव में एक 9 वर्षीय बालक को घर के अंदर सोते समय सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आशीष पिता राजेश धुर्वे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 5 बजे आशीष अपनी मां जयवंती के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान उसे उल्टियां होने लगीं। मां ने आसपास देखा तो घर में सांप नजर आया। परिजन तत्काल बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष अपने परिवार में दो बेटियों और दो बेटों में सबसे छोटा था। सूचना मिलने पर सोनाघाटी पुलिस चौकी ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया। सोनाघाटी पुलिस चौकी के जांच अधिकारी दीवान सिंह बनकर ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। बता दे कि बारिश के मौसम में सांप और अन्य जहरीले जीव-जंतु बिलों से निकलकर घरों में आ जाते हैं। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे जमीन पर सोने से बचें और ऊंची चारपाई या पलंग का इस्तेमाल करें। रात में फर्श, बिस्तर, कपड़े और जूतों की जांच करने के बाद ही उनका उपयोग करें। सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार कराएं।

बरसते पानी में निकली हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्रा



सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की रविवार से शुरुआत की। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वंदे मातरम् गायन एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य, नोडल अधिकारी कमलेश पटेल समेत अन्य लोगों को उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बरसते पानी में नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

समाधान केंद्र बने सिर्फ औपचारिक व्यवस्था, छोटे-छोटे सुधार कराने जाना पड़ रहा भोपाल

पेंशन कार्यालय बंद, भटक रहे पेंशनर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय पर संचालित पेंशन कार्यालय बंद कर दिये गये है। जिसके कारण अब पेंशनरों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशान होना पड़ रहा है। दरअसल शासन ने पेंशन व्यवस्था को आधुनिक और केंद्रीकृत बनाने के उद्देश्य से जिलों के पेंशन कार्यालय बंद कर दिए। इसका सबसे बड़ा खामियाजा सेवानिवृत्त कर्मचारी भुगत रहे हैं। पहले जिन कार्यों का निराकरण जिला मुख्यालय पर कुछ दिनों में हो जाता था, अब उन्हीं के लिए भोपाल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे बुजुर्ग पेंशनरों पर आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। नई व्यवस्था में ग्रेच्युटी और पेंशन भुगतान की जिम्मेदारी भी अलग-अलग विभागों को सौंपी है। ग्रेच्युटी का भुगतान पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है। मासिक पेंशन भुगतान की जिम्मेदारी एसबीआई की केंद्रीकृत प्रोसेसिंग सेल को दी है। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो पेंशनरों को दो अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना पड़ता है। पहले दोनों कार्य एक कार्यालय से होने से समस्याओं का समाधान अपेक्षाकृत आसान था। कुल मिलाकर, पेंशन व्यवस्था के केंद्रीकरण का उद्देश्य भले ही प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना रहा हो, लेकिन जमीनी स्तर पर यह व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए राहत के बजाय नई परेशानियों का कारण बनती दिखाई दे रही है।

समाधान केंद्र में भी नहीं हो रहा समाधान

जिला मुख्यालयों पर शुरू किए गए समाधान केंद्र भी पेंशनरों की समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं कर पा रहे हैं। पहले प्रत्येक जिले में जिला पेंशन कार्यालय संचालित होते थे, जहां पेंशन प्रकरण तैयार करने से लेकर पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) जारी करने, बैंक को प्रकरण भेजने और पेंशन भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर पूरी हो जाती थी। अब इन कार्यालयों को बंद कर सभी कार्य भोपाल स्थित पेंशन संचालनालय की केंद्रीकृत प्रोसेसिंग सेल को सौंप दिए गए हैं। बैतूल में अब केवल एक समाधान केंद्र संचालित है, जहां सीमित स्टाफ के कारण पेंशनरों को अपेक्षित सहायता नहीं मिल पा रही है।

स्टाफ कम होने से बढ़ी दिक्कत--

पहले जिला पेंशन कार्यालय में एक पेंशन अधिकारी, तीन सहायक पेंशन अधिकारी, दो लिपिक और दो भृत्य पदस्थ थे। अब समाधान केंद्र में केवल एक सहायक पेंशन अधिकारी, दो निम्न श्रेणी लिपिक और दो नृत्य ही कार्यरत हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या घटने से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान लगभग ठप हो गया है। पेंशनरों का कहना है कि जिस व्यवस्था को, प्रक्रियाओं को सरल और तेज करने लागू किया गया था, वहीं अब पेंशनरों के लिए नई मुश्किलों का कारण बन गई है। छोटी-छोटी कमियों को दूर कराने के लिए भी पेंशनरों को भोपाल जाना पड़ रहा है। अधिकांश सेवानिवृत्त कर्मचारी बुजुर्ग हैं, ऐसे में बार-बार राजधानी की यात्रा उनके लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से कठिन साबित हो रही है।

प्रकरण कहां लंबित, नहीं मिल पाती जानकारी

नई व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या यह है कि पेंशनरों को यह तक पता नहीं चल पाता कि उनका प्रकरण किस स्तर पर लंबित है। पहले यदि किसी दस्तावेज में कमी या आपत्ति होती थी तो जिला कार्यालय से तुरंत सूचना मिल जाती थी या प्रकरण संबंधित विभाग को वापस स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण लगभग ठप हो गया है। नई व्यवस्था के तहत अब संबंधित विभाग के डीडीओ (ड्राइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर) के लॉगिन से पेंशन प्रकरण सीधे भोपाल स्थित केंद्रीकृत प्रोसेसिंग सेल भेजा जाता है। वहां से जांच और स्वीकृति के लिए प्रकरण किसी भी जिले में भेजा जा सकता है। स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम कार्रवाई फिर भोपाल में होती है। पहले यही पूरी प्रक्रिया जिला पेंशन कार्यालय में पूरी हो जाती थी, जिससे समय भी कम लगता था और आवेदक को अपने प्रकरण की स्थिति की जानकारी भी आसानी से मिल जाती थी।

कमियों को दूर करने जाना पड़ता है भोपाल

जिला पेंशन कार्यालय बंद होने से अब पेशनरों को छोटी-छोटी कमियों को दूर कराने के लिए भी पेंशनरों को भोपाल जाना पड़ रहा है। अधिकांश सेवानिवृत्त कर्मचारी बुजुर्ग हैं, ऐसे में बार-बार राजधानी की यात्रा उनके लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से कठिन साबित हो रही है। पेंशनरों का कहना है कि जिला मुख्यालय पर समाधान केन्द्र जरूर खोले गये है, लेकिन यहां उनकी समस्याओं का समाधान पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उन्हें पेंशन से संबंधित जानकारी के लिए भोपाल तक दौड़ लगानी पड़ती है। पेंशनरों का कहना है कि उम्र दराज होने के कारण बार-बार भोपाल आना-जाना उनके लिए हमेशा संभव नहीं होता है और मानसिक-आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्वस्थ व संस्कारवान जीवन का दिया संदेश

विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शाहपुर क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ, चरित्रवान एवं मूल्यनिष्ठ जीवन के प्रति प्रेरित करना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, भविष्य और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है। ग्राम सालीमेट स्थित शासकीय हाई स्कूल में प्राचार्य प्राणनाथ तिवारी के प्रतिनिधित्व में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की बीके अरुणा दीदी ने विद्यार्थियों को राजयोग ध्यान, आत्म सशक्तिकरण और जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, आत्मसंयम और आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे की लत से स्वयं को बचा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि नशा क्षणिक सुख का भ्रम पैदा करता है, जबकि उसका परिणाम शारीरिक बीमारियों, मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान, पारिवारिक विघटन, अपराध की प्रवृत्ति तथा सामाजिक सम्मान में कमी के रूप में सामने आता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल, तंबाकू, गुटखा, शराब और अन्य सभी प्रकार के नशों से दूर रहने, अच्छी संगति अपनाने, माता-पिता का सम्मान करने, नियमित अध्ययन, योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने मित्रों और परिवार के लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली।

यूथ कांग्रेस ने मनाया 66वां स्थापना दिवस, ध्वजारोहण के साथ किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

कांग्रेस कार्यालय सारणी में रविवार को भारतीय युवा कांग्रेस का 66वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव योगेश तिरुपति अरोलु एवं ब्लॉक अध्यक्ष गौतम नागले के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस का ध्वजारोहण कर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसजनों का युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव योगेश एरुलू एवं ब्लॉक अध्यक्ष गौतम नागले ने कहा कि युवा कांग्रेस की स्थापना का उद्देश्य देश की राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और युवा शक्ति को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पीसीसी डेलीगेट एवं जिला उपाध्यक्ष तिरुपति अरोलु तथा पूर्व यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत धोटे ने कहा कि युवा कांग्रेस कांग्रेस संगठन की रीढ़ की हड्डी है। संगठन का कार्यकर्ता देशभर में बूथ स्तर तक सक्रिय है और भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती, पीसीसी डेलीगेट तिरुपति अरोलु, सुरेश पंड्या, भोला कांति, प्रदीप नागले, वसीम खान, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस योगेश एरुलू, हेमंत धोटे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रोहन रघुवंशी, राम आश्रय वर्मा, मानी सुब्रमण्यम, पिंटू मालवीय, डी.डी. देशमुख, विलास लोनारे, हरीश पाल, गोविंदा अरोलु, विक्की सिंह आदि रहे मौजूद।

भव्य रैली में उमड़ा आदिवासी समाज, पारंपरिक वेशभूषा में हुए शामिल

विश्व आदिवासी दिवस पर मुलताई में गूंजा एकता और संस्कृति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को मुलताई में आदिवासी समाज द्वारा भव्य रैली निकालकर एकता, सामाजिक सौहार्द, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का संदेश दिया गया। रैली में मुलताई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाजजन शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और डीजे एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन से नगर का वातावरण आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के लोग कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित हुए। दोपहर करीब 12 बजे रैली की शुरुआत से पूर्व समाजजनों ने अंबेडकर चौक पहुंचकर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद रैली विधिवत रूप से प्रारंभ हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। डीजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर समाजजन उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए आगे बढ़े। रैली में आदिवासी



संस्कृति और परंपराओं की आकर्षक झलक देखने को मिली। युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया और पूरे मार्ग पर समाज की एकजुटता का संदेश दिखाई दिया। अंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बैतूल रोड की ओर आगे बढ़ी। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। रैली के बीच हुई हल्की बारिश भी समाजजनों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पूरे उत्साह के साथ रैली में शामिल रहे। रैली के दौरान समाजजन जयस्तंभ चौक स्थित ताप्ती आरती घाट पहुंचे। यहां मां ताप्ती की विधि-विधान से आरती की गई। आरती के बाद रैली पुनः बैतूल रोड स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

रैली के बैतूल रोड स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और लोक कला की झलक देखने को मिली। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज की परंपराओं और विरासत को प्रस्तुत किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, युवा, महिलाएं एवं अन्य समाजजन शामिल हुए। आयोजन के माध्यम से आदिवासी समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और सामाजिक एकता को मजबूती से प्रदर्शित किया।

वंडर मॉर्निंग ग्रुप ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

बैतूल में पुनः सेवा का मौका मिला तो जरूर आऊंगा: डीएसपी मर्सकोले



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग में विगत 5 मई 2023 से रक्षित निरीक्षक (आरआई) के पद पर पदस्थ रहे दिनेश मर्सकोले के पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी पदोन्नति आदेश पर डीएसपी पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें वंडर मॉर्निंग ग्रुप द्वारा रविवार की सुबह एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया।

रविवार की सुबह 9 बजे, पुलिस ग्राउंड की नवग्रह वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में श्री मर्सकोले द्वारा बतौर आरआई, बैतूल में पदस्थ रहते हुए उनके द्वारा पर्यावरण, सेवा एवं मैनेजमेंट के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख कार्य है- पुलिस ग्राउंड के बाजू में नवग्रह वाटिका में फेंसिंग का रखरखाव, लाड़ली लक्ष्मी पार्क एवं यातायात पार्क का रखरखाव, पुलिस ग्राउंड के बाजू में लॉन टेनिस कोर्ट व उसके बगल में ओपन जिम का बेहतर निर्माण तथा लर्निंग सेंटर का निर्माण, पुलिस ग्राउंड तथा पुलिस जिम का संधारण करने, जैसे कईयों उत्कृष्ट कार्यों के लिए, उनका वंडर मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। और उन्हें डीएसपी पद की नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएं भी दी गई। इस अवसर पर दिनेश मर्सकोले ने कहा कि मेरा बागवानी के प्रति शुरू से ही काफी रुझान रहा है। मैं इसके पहले जहां-जहां भी पदस्थ रहा, वहां मैंने पौधारोपण कर ग्राउंड के पास ही गार्डन तैयार करवाने का कार्य भी किया है। बैतूल में यह मेरा पांचवा गार्डन है। उन्होंने बैतूलवासियों से मिले प्यार एवं सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे जब भी मुझे बैतूल में पुनः सेवा का अवसर मिलेगा, तो मैं बैतूल में जरूर पदस्थ होना चाहूंगा, क्योंकि यहां की आबोहवा और पर्यावरण तो अच्छा है ही, साथ ही यहां के लोगों का व्यवहार भी अच्छा है।

मुलताई क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से बढ़ी चिंता

दुनावा में तीन दिन में तीन मंदिरों को बनाया निशाना, दो वारदात दिनदहाड़े हुईं

जुआ-सट्टे के बढ़ते कारोबार के बीच बढ़ी चोरी की वारदातें!

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई क्षेत्र में जुआ-सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों के बढने को लेकर स्थानीय स्तर पर चिंता जताई जा रही है। इसी बीच क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से चोरी की घटनाओं का सिलसिला भी लगातार सामने आ रहा है। खास बात यह है कि धार्मिक स्थलों और मंदिरों को भी चोर निशाना बना रहे हैं। दुनावा में तो महज तीन दिनों के भीतर तीन अलग-अलग मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें दो वारदातें दिनदहाड़े हुईं, जबकि तीसरी घटना शनिवार रात सामने आई।

लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में नाराजगी के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते असामाजिक और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और चिंताजनक हो सकती है। हालांकि, जुआ-सट्टे के कारोबार और चोरी की घटनाओं के बीच सीधा संबंध की पुष्टि पुलिस जांच के बिना नहीं की जा सकती, किंतु पुलिस की भूमिका को लेकर भी अनेक सवाल है जिसके चलते स्थानीय लोगों द्वारा चिंता व्यक्त की जा रही है और क्षेत्र में सामने आई घटनाओं के संदर्भ प्रश्न खड़े कर रहे हैं।



बड़ चौक के दुर्गा मंदिर में दिनदहाड़े चोरी

दुनावा के बड़ चौक स्थित दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चोर मंदिर के अंदर घुसे और त्रिशूल की मदद से दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 8 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। शाम के समय जब मोहल्ले के लोग मंदिर में आरती करने पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। लोगों ने देखा कि दान पेटी, जो सामान्यतः दुर्गा माता की प्रतिमा के चबूतरे पर रखी रहती है, वहां मौजूद नहीं थी। दान पेटी चबूतरे के पीछे पड़ी थी और उसका ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर उसमें रखी नकदी गायब मिली। मोहल्लेवासियों के मुताबिक मंदिर में माता की प्रतिमा के ऊपर चांदी का छत्र भी लगा हुआ है। गनीमत रही कि चोरों की नजर उस पर नहीं पड़ी, अन्यथा चांदी का छत्र भी चोरी हो सकता था।

मरही माता मंदिर से दानपेटी ले जाने की कोशिश

दूसरी घटना शनिवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के पीछे स्थित मरही माता मंदिर में हुई। यहां भी चोरों ने दिनदहाड़े मंदिर को निशाना बनाया। अज्ञात चोर मंदिर की दान पेटी को बोरी में भरकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति की नजर पडने पर चोर घबरा गए और दान पेटी को मंदिर से कुछ दूरी पर छोडकर फरार हो गए। मंदिर की देखरेख करने वाले संजू पटेल ने बताया कि दान पेटी में करीब 3 हजार रुपये रखे हुए थे।

काठी रोड के शिव मंदिर में रात को टूटा दानपात्र का ताला

तीसरी वारदात काठी रोड स्थित शिव मंदिर में शनिवार रात हुई। अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे दान पात्र का ताला तोड़ा और उसमें मौजूद पूरी नकदी लेकर फरार हो गए। मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसी दौरान दान पात्र खोला जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले वर्षों में दान पात्र से करीब 20 से 25 हजार रुपये की राशि निकलती रही है। इसी आधार पर इस बार भी दान पात्र में करीब 20 से 25 हजार रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, वास्तविक राशि कितनी थी, यह दानपात्र की राशि की पुष्टि के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

तीन मंदिरों में चोरी से उठे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

दुनावा में लगातार तीन दिनों में तीन मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। विशेष रूप से दो मंदिरों में दिनदहाड़े चोरी और चोरी के प्रयास से चोरों के बढ़ते दुस्साहस को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ी है। ऐसे में पुलिस को मंदिरों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के साथ ही लगातार हो रही वारदातों का जल्द खुलासा करना चाहिए।

स्थानीय लोगों की मांग-अवैध गतिविधियों पर लगे अंकुश

क्षेत्र में जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग भी उठ रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस को ऐसे स्थानों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो। अब देखना यह है कि दुनावा में लगातार सामने आई मंदिर चोरी की इन घटनाओं में पुलिस कब तक आरोपियों तक पहुंचती है और चोरी की वारदातों का खुलासा करती है।

मुख्य अभियंता ने निर्माणाधीन पेयजल योजना का किया निरीक्षण

सीहोर। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला एवं परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन ने नगर परिषद जावर की निर्माणाधीन पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम दूधी नदी पर निर्माणाधीन इंटेक वेल का अवलोकन किया। जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित डैम के नाला क्लोजिंग कार्य प्रगति की समीक्षा की और लेबर कैंप का निरीक्षण कर श्रमिकों से चर्चा की तथा उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही संविदाकार को मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, रेलिंग एवं पेंटिंग सहित शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद जावर स्थित निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र एवं योजना अंतर्गत निर्माणाधीन 250 किलोलीटर क्षमता के उच्च जलाशय का निरीक्षण भी किया।

नवजात के लिए मां का दूध सबसे उत्तम आहार

सीहोर। ग्राम पंचायत बिलकिसगंज के समीप स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रिया राजेश जांगड़े, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साजिया खान सहित आंगनवाड़ी स्टाफ मौजूद रहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साजिया खान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म के तुरंत बाद मां का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे उत्तम आहार है। इससे शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।

व्यापारी संघ, भाजपा तथा कांग्रेस नेताओं ने पुलिस थाने में सौंपा आवेदन

एक ही रात में शहर की दो पान दुकानों में चोरी, स्टेट हाईवे किनारे की घटना

शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात पान की दो दुकानों में चोरी की घटना हुई है एवं घटनाओं से क्षेत्र में अत्यधिक रोष है। जिस पर अंकुश लगाने कांग्रेस ने आवेदन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहरी क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात पान की दो दुकानों में चोरी की घटना हुई है एवं घटनाओं से क्षेत्र में अत्यधिक रोष है। मामले में रविवार दोपहर व्यापारियों सहित भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपा है।

सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के नेतृत्व में सौंप गए आवेदन अनुसार शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात दो पान दुकानों में चोरी हुई है। पहली दुकान मुख्य बाजार में अरविंद चौरसिया पुत्र स्व. घनश्याम चौरसिया निवासी बिहारी चौक की है। अरविंद चौरसिया के अनुसार उनकी दुकान से दो लाख रुपये से अधिक की सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला सामग्री एवं नगदी चोरी की गई है। दूसरी दुकान राजेंद्र चौरसिया की सिविल कोर्ट चौराहा क्षेत्र में है, जिससे 20 हजार रुपये की सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला व अन्य सामग्री चोरी की गई है। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, वरिष्ठ व्यापारियों अभिषेक जैन, अनिल चौरसिया एवं कामता सोनकर सहित अरुण चौरसिया, प्रशांत मालवीय, आशीष जैन, दीपक यशवंत साहू, मुकुल अग्रवाल, चिंटू साहू, नीरज चौरसिया, रामबाबू सराठे, विनीत चौरसिया, मनीष चौरसिया, शिवम चौरसिया, अमित बिल्लौरे, कांग्रेस नेता चुन्नीलाल मुदगल एवं ऋषभ दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल आदि उपस्थित थे।

स्टेट हाईवे किनारे दुकान

व्यापारियों ने बताया कि दोनों दुकानें स्टेट हाईवे किनारे स्थित हैं। अरविंद चौरसिया की दुकान अमित पान सेंटर एसडीएम तथा एसडीओपी कार्यालयों से 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। राजेंद्र चौरसिया की दुकान सिविल कोर्ट चौराहे पर है। दोनों दुकानें स्टेट हाईवे से लगी हुई हैं, जहां 24 घंटे लोगों की आवाजाही होती है एवं पुलिस गश्ती पॉइंट भी हैं। इसके बाद भी चोरी होने से व्यापारियों में नाराजगी तथा भय है।

करेंगे आंदोलन

हरिभूमि से चर्चा में सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने कहा कि आवेदन द्वारा पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस गश्ती ना बढ़ाने, चोरों पर कार्रवाई ना करने व चेकिंग पॉइंट अनुसार पुलिस बल तैनात ना करने पर आंदोलन किया जाएगा। सोहागपुर के समस्त व्यापारी चिंतित हैं कि सघन आवाजाही के क्षेत्र में हाईवे किनारे चोरी हुई है। जिससे समस्त व्यापारियों में चिंता तथा भय व्याप्त है। तथा अब बाजार बंद जैसी गतिविधियों का संचालन किया जा सकता है।

प्रकरण दर्ज

मामले में रविवार दोपहर पुलिस ने दोनों व्यापारियों की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। रविवार दोपहर एक बजे बीएनएस-2023 की धाराओं 331(4) एवं 305(ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं पुलिस एसआई वीके यादव, दिनेश पाल व अन्य पुलिसकर्मियों ने दोनों घटनास्थलों का निरीक्षण किया है। पुलिस ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

याद आए सीसीटीवी कैमरे

शहर में जब भी अपराधिक घटना होती है तो नागरिकों को याद आता है कि नप द्वारा 10 वर्ष से सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन अब तक प्रयास सफल नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रशासन कई बार सर्वे करा चुका है। लेकिन अब तक मैदानी परिणाम नहीं मिले हैं। जनता के अनुसार यदि सीसीटीवी कैमरे लगे होते तो चोरी की घटना नहीं होती। या फिर घटना होती भी तो चोरों को पकड़ने में सीसीटीवी कैमरे सहायक सिद्ध हो सकते थे।

सांसद शचौधरी के प्रयासों से नयाखेड़ा रेलवे गेट पुनः खुला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बनखेड़ी क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते अस्थायी रूप से बंद किए गए नयाखेड़ा रेलवे गेट को आज क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए पुनः खुलवाया गया।

स्थानीय नागरिकों द्वारा रेलवे गेट बंद होने से आवागमन में हो रही परेशानी से नर्मदापुरम–नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी को अवगत कराया गया था। सांसद चौधरी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर जनहित में नयाखेड़ा रेलवे गेट को पुनः खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकास के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता दे रही है। रेलवे ओवर ब्रिज जैसे विकास कार्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन निर्माण के दौरान आम जनता को अनावश्यक असुविधा न हो, इसका भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

नयाखेड़ा रेलवे गेट खुलने से किसानों, विद्यार्थियों, स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में राहत मिलेगी। सांसद चौधरी ने कहा कि जनसुविधा, सुगम आवागमन और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है।

नागरिक संघर्ष समिति ने जताया सांसद का आभार

सोहागपुर। सोहागपुर एवं बनखेड़ी से जबलपुर के लिए सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं थी। जन समस्या पर सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति ने विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में अगस्त 2025 में सांसद दर्शन सिंह चौधरी को आवेदन सौंपा था। समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि विधायक एवं सांसद के प्रयासों से इटारसी-मदन महल पैसिंजर ट्रेन की सौगात क्षेत्र को मिल रही है। पटेल के अनुसार इटारसी-मदन महल ट्रेन का सोहागपुर में स्टापेज दोपहर 12.10 बजे तथा मदनमहल-इटारसी ट्रेन का सोहागपुर में स्टापेज रात करीब 10.10 बजे होगा। मांग पूर्ति पर सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह एवं रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

स्टेट हाईवे पर मवेशी राज, बाधित होता यातायात, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर भटकते निराश्रित मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का निर्णय प्रशासन ने कई बार लिया। लेकिन परिणाम शून्य है और हाईवे पर मवेशियों से यातायात बाधित हो रहा है। नागरिकों की शिकायत है कि लापरवाह अधिकारी फील्ड पर काम नहीं करते हैं तथा मवेशियों को गत वर्ष गौशाला पहुंचाने का अभियान फोटो निकलवाने तक सीमित रहा। फलस्वरूप हाईवे पर मवेशी बैठते हैं। स्थिति यह है कि स्टेट हाईवे पर 'मवेशी राज' से यातायात बाधित होता है। सबसे अधिक परेशानी बरसात में होती है, जब वाहनों की आवाजाही से कम ठंडी व सूखी सड़क पर मवेशी बड़ी संख्या में जा बैठते हैं। जिससे वाहनों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है।

उपार्जन समिति के प्रबंधक, संचालक और सर्वेयर पर मामला दर्ज

माखननगर के राधे कृष्ण वेयरहाउस एवं चेतन वेयरहाउस में अनियमितता पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जिले में समर्थन मूल्य पर संचालित मूंग उपार्जन प्रक्रिया में निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं उपार्जन प्रक्रिया के उल्लंघन को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है। अमानक मूंग के उपार्जन से संबंधित अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर ने की कार्रवाई

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मूंग उपार्जन केन्द्र राधे कृष्ण वेयरहाउस, माखननगर एवं चेतन वेयरहाउस, माखननगर में अमानक मूंग के उपार्जन में अमानक मूंग उपार्जित किए जाने पर शाखा प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन माखन नगर की शिकायत पर संबंधित उपार्जन केन्द्रों से जुड़े समिति प्रबंधक, वेयरहाउस संचालक एवं सर्वेयर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

पारदर्शिता बनाना प्राथमिकता

जिले में समर्थन मूल्य पर संचालित मूंग उपार्जन व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना तथा उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही मूंग का उपार्जन सुनिश्चित किया जाएगा। गुणवत्ता के नाम पर किसान के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जाएगा तथा अमानक उपज को एफएक्यू के रूप में उपार्जित करने की किसी भी कोशिश को भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

तय मापदंडों अनुसार गुणवत्ता की जांच की जाएः कलेक्टर

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाली मूंग की निष्पक्ष एवं निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गुणवत्ता जांच की जाए। गुणवत्ता परीक्षण में किसानों के साथ किसी भी प्रकार की मनमानी अथवा अनावश्यक परेशानी की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसान निर्धारित FAQ मापदण्डों के अनुरूप मूंग लेकर उपार्जन केन्द्र पर आता है, तो उसे केवल गुणवत्ता के नाम पर अनावश्यक रूप से वापस नहीं किया जाए।

किसान को उपार्जन से वंचित न किया जाए

गुणवत्ता परीक्षण निर्धारित प्रक्रिया, उपलब्ध परीक्षण उपकरणों तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए। किसी किसान को उसकी पात्र उपज के उपार्जन से वंचित करना अथवा बिना उचित आधार के उसकी उपज को अमानक घोषित करना स्वीकार्य नहीं होगा।

जनशताब्दी ट्रेन से टकराकर एक व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रविवार सुबह जनशताब्दी एक्सप्रेस से गुरमखेड़ी तथा बागड़ा तवा रेलवे स्टेशनों के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे सोहागपुर थाना क्षेत्र के पुलिस वाहन डायल 112 से सोहागपुर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित किया।

मर्ग कायम, जांच जारी

अस्पताल से सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम पर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक का चित्र प्रसारित कर उसे पहचानने की कोशिश शुरू की है। पुलिस के अनुसार मृतक संभावित रूप से सेमरी हरचंद के आसपास का हो सकता है। इस दौरान वाहन 112 स्टाफ द्वारा बरसात में पैदल चलकर मृतक व्यक्ति को लाया गया ।



शोरूम संचालक को धमकी अड़ीबाजी कर मांगे पैसे, फरियादी ने थाने दर्ज कराई एफआईआर

शिकायत में फरियादी ने किया नाम का उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मंगलवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के तबादले के बाद एक बार फिर हथवास आनंद भूमि के सामने बाइक शोरूम संचालक अकरम खान को धमकी फोन के माध्यम से दी गई है। थाने में एफआईआर दर्ज के आधार पर थाना प्रभारी आदित्य सैनी ने बताया कि शिकायत कर्ता ने बताया कि बदमाश ने फ़ोन करके अकरम खान को कहा है कि रज्जू पुरविया बोल रहा हूं। पैसे की मांग की गई है। तथा ना देने पर जान से हाथ धोने की बात करते हुए कहा कि यह पैसा अस्पताल में लगाएगा। पुलिस काल डिटेल तथा कैमरे की जांच कर रही है। फिलहाल में बताने के बाद भी अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को दोपहर की घटना है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आरोपी गिरफतार नहीं किया गया है। अकरम खान के अनुसार फ़ोन पर बात करते हुए कहा कि में रज्जू पुरविया बोल रहा हूं। सचिन जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर तथा नन्हू महाराज की होटल पर चलाई गोलीबारी किए जाने की बात कही गई है।

थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस जांच कर रही है। शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। लेकिन नगर में चौराहे पर तत्कालीन थानाध्यक्ष गिरीश त्रिपाठी की चर्चा चौराहे पर है आरोपी जनों की गिरफ्तारी को लेकर । आसपास फिर दहशत का माहौल है।

350 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

नर्मदापुरम। युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक कौशल, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा रविवार को हैप्पी मैरिज गार्डन में युवा नेतृत्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन सत्रों में आयोजित कार्यशाला में 350 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। नर्मदापुर युवा मंडल सचिव मनीष परदेशी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना तथा उन्हें समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने नशामुक्ति, शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण पर मार्गदर्शन दिया।

पिपरिया में बारिश के बीच धूमधाम से निकाली विशाल शोभायात्रा

पारंपरिक रीति-रिवाज से 'बड़ा देव' की पूजा-अर्चना के साथ हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पिपरिया कृषि उपज मंडी परिसर में आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पूरे विधानसभा क्षेत्र और आसपास के इलाकों से आए आदिवासी समाज के लोगों ने बारिश के बावजूद भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाज से 'बड़ा देव' की पूजा-अर्चना के साथ हुई। साथ ही मंडी सचिव एवं आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्र शिवराम उईके, परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नीतिराज सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथियों में नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष परते, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष योजना गंधा जूदेव, संध्या शाह, अतुल वाडिया, प्रेमनारायण कुतरे सहित समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान आदिवासी समुदाय के युवाओं और कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच से समाज के उत्थान, अधिकारों और संस्कृति के संरक्षण को लेकर पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पश्चात डीजे, मांदल की थाप और पारंपरिक वेशभूषा के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में पैदल चल रहे महिला, पुरुष और युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। शोभायात्रा पचमढ़ी रोड पहुंचकर संपन्न हुई।

एक्सीलेंस स्कूल नं. 1 में सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

छात्र-छात्राओं को अधिकार, कानून, सुरक्षा व डायल 112 सेवा के प्रति किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में, जिला सीहोर पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल नं. 1, सीहोर में सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना एवं डॉ प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सुनीता जैन प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर, एवं वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार राय ने माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ के इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एसडीओपी सीहोर पूजा शर्मा, डॉ राजेंद्र देशमुख, प्रशिक्षित शिक्षक कुमेर मालवीय ,धनेश कोरचे, लाइन सूबेदार प्राची राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्यः छात्रों को उनके कानूनी अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। सुरक्षा, कानून और न्याय प्रक्रिया की आधारभूत जानकारी प्रदान करना। पुलिस और समाज (विशेषकर युवाओं) के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर आपसी विश्वास को सुदृढ़ करना। कार्यक्रम के अंतर्गत परिचय एवं आइस-ब्रेकिंग सत्र, मैं, मेरे अधिकार और मेरी जिम्मेदारियां विषय पर विचार-विमर्श, छात्रों के साथ चर्चा कानून, सुरक्षा और न्याय विषय पर पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना एवं डॉ प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर ने बच्चों को संबोधित करते हुए विभिन्न जानकारियां दी गई। संस्था प्राचार्य द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत फूल गुच्छ से किया गया। मास्टर ट्रेनर धनेश कोरचे के द्वारा मैं ,मेरे अधिकार एवं संविधान के ऊपर जानकारी दी, आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ.राजेंद्र देशमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनर कुमेर मालवीय द्वारा किया गया।

सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन अग्नि आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण



सीहोर। जिला होमगार्ड्स लाइन सीहोर में चल रहे सात दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलेंटियर प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को 150 स्वयंसेवकों को अग्नि आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला कमांडेंट होमगार्ड श्रीमती नीलमणि लड़िया के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फायर ब्रिगेड वाहन के संचालन, होज़ पाइप जोड़ने, कपलिंग लॉक करने, प्रेशर नोजल तथा वाल्व कंट्रोल की जानकारी दी गई। क्लासरूम प्रशिक्षण के बाद मैदान में फायर टेंडर के माध्यम से व्यावहारिक प्रदर्शन कर स्वयंसेवकों को आग लगने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई के तरीके सिखाए गए। प्रशिक्षण सत्र में कंपनी कमांडर अशोक पाटीदार, महेंद्र वर्मा तथा सहायक उपनिरीक्षक सी.एस. चंदेरिया उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

करंट से 14 साल की बालिका की मौत

हरदा। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम नहाडिया में रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक 14 वर्षीय बालिका की करंट लगने से मौत हो गई। बालिका घर में अपनी बहनों के साथ खेल रही थी, तभी उसे कूलर से करंट लग गया। मृतका की पहचान यातिका, पिता रामजीवन सारंग, निवासी नहाडिया के रूप में हुई है। वह हरदा के सरस्वती शिशु मंदिर में आठवीं कक्षा की छात्रा थी और चार बहनों में तीसरे नंबर पर थी। घटना के बाद परिजन यातिका को तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया।जिला अस्पताल में बालिका के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

11 को होगा युवा संगम का आयोजन

खरगोन। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 अगस्त को जिला रोजगार कार्यालय, पुराना कलेक्टर परिसर, खरगोन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जाएगा। युवा संगम में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार के लिए विभिन्न ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचियां, रिज्यूम/सीवी, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), अन्य प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट आकार के दो फोटो साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

बुजुर्ग की हत्या का 24 घंटे में खुलासा

सीहोर। 6 अगस्त को ग्राम खुटिया खेड़ी में खेत पर बने मकान से 80 वर्षीय हरिनारायण वर्मा का शव मिला, जिनके मुंह व गले पर चोट के निशान थे। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना ने मौके पर निरीक्षण किया। विवेचना हेतु आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया

समाज के लोगों ने नगर में वाहन रैली निकाली रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रविवार को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में जिलेभर के आदिवासी समाज के लोग एकजुट हुए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने नगर में वाहन रैली निकाली। इसके साथ ही आदिवासी सभ्यता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इन आयोजनों में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने आदिवासी सभ्यता और संस्कृति को समाज की पहचान बताते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों की रक्षा के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना होगा। महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक डॉ. आर.के. दोगने सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद रविवार शाम को एक और रैली निकाली गई। इसमें पारंपरिक आदिवासी गीतों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया और 'जय सेवा जय जोहार' के नारे लगाए। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन से जुड़े लोकेश कलमे ने बताया कि समारोह के दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने आदिवासी समाज के लोगों को 'वनवासी' कहने पर कड़ी आपत्ति जताई। सभी ने एक सुर में कहा कि आदिवासी संस्कृति देश की सबसे पुरानी संस्कृति है और वे आदिकाल से जंगल की रक्षा कर रहे हैं। उन्हें अपने आप को 'वनवासी' नहीं बल्कि 'आदिवासी' कहने पर गर्व करना चाहिए।

हमें जल-जंगल-जमीन को बचाना और युवाओं को रोजगार से जोड़ना है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



विश्व आदिवासी दिवस पर जनसैलाब उमड़ा और हजारों की संख्या में युवक-युवतियां पारम्परिक-परिधानों में शामिल हुए थे। विधायक झूमा सोलंकी ने कहा कि- मैं हमेशा आपकी बहन के नाते आपके साथ खड़ी हूं और आप जब भी मुझे याद करेंगे तो मैं आपके सुख-दुख में सदैव आपकी रक्षा करूंगी। हमें जल-जंगल-जमीन को बचाना है और युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। विधायक ने कहा कि आज पढ़-लिखकर डिग्री लेने के बाद भी युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही। डिग्री है लेकिन इज्जत नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की कि आदिवासी युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। उन्होंने कहा कि लोहार, कुम्हार, किसान - हर समाज का अपना ज्ञान है। किसान का बेटा भी खेती का ज्ञान सीखे तो वो आत्मनिर्भर बन सकता है। हमें संविधान ने जो अधिकार दिए हैं उनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

इ्यूटी के दौरान हादसा

आरपीएफ कांस्टेबल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आर पी एफ कॉन्स्टेबल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कॉन्स्टेबल के शरीर के 2 टुकड़े हो गए। कमर के नीचे से दोनों पैर अलग हो गए। हादसा रविवार दोपहर करीब 3:45 बजे हुआ। मृतक की पहचान लोकेश कुमार के रूप में हुई है। वह राजस्थान के रहने वाले थे। लोकेश प्लेटफॉर्म पर फिसल गए थे। इसी दौरान वे लोकमान्य तिलक-गोरखपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 20103) की चपेट में आ गए। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा अचानक हुआ। प्लेटफॉर्म पर जवान का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था। घटनास्थल पर खून के छींटे और शव के टुकड़े बिखरे हुए थे। हादसे का मंजर देखकर यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही जी आर पी को सूचना दी गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे से जुड़े साक्ष्य जुटाए। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

हादसे के समय बारिश हो रही थी। आशंका है कि बारिश के पानी के कारण लोकेश कुमार का पैर फिसल गया और वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हालांकि, पुलिस अभी हादसे की वास्तविक वजह की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि जवान की मौत दुर्घटना में हुई या इसके पीछे आत्महत्या की कोई वजह थी। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है। लोकेश कुमार राजस्थान के भरतपुर जिले के रहने वाले थे। उनकी उम्र करीब 30 साल थी। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा एक बेटी और एक बेटा है। वे तीन साल से हरदा में पदस्थ थे।

हादसा या आत्महत्या

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती तौर पर बारिश के पानी के कारण पैर फिसलने की आशंका सामने आई है। हालांकि, पुलिस ने अभी मौत की वजह को लेकर अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। हादसे के साथ आत्महत्या की संभावना को भी जांच में शामिल किया है। पुलिस घटना से जुड़े सभी तथ्यों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई

थाने से 500 मीटर दूर शटर तोड़कर मोबाइल दुकान में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाया। नया बाजार में रविवार सुबह करीब 4:15 बजे अज्ञात चोरों ने शिव शक्ति मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सामान लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

चोरों ने जिस दुकान को निशाना बनाया, वह सिटी कोतवाली थाने से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। रविवार तड़के चोर दुकान के पास पहुंचे और शटर तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने दुकान में रखे मोबाइल फोन, लैपटॉप और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान संचालक संदीप गोस्वामी के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में दुकान से तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 15 हजार रुपए नगद चोरी हुए हैं। हालांकि, दुकान के पूरे सामान का मिलान किए जाने के बाद ही चोरी गए सामान की वास्तविक संख्या और कीमत स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल चोरी हुए सामान और नकदी की कुल कीमत का अंतिम आकलन नहीं हुआ है। चोरी की घटना का पता रविवार सुबह चला। दुकान संचालक संदीप गोस्वामी को दुकान में चोरी होने की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश करते और सामान लेकर बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ आसपास के इलाकों में लगे अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किस रास्ते से आए और वारदात के बाद किस दिशा में फरार हुए।

दुकान संचालक ने बताया कि फिलहाल तीन मोबाइल, एक लैपटॉप और 15 हजार रुपए नकद चोरी होने की जानकारी है। दुकान में रखे अन्य सामान का मिलान किया जा रहा है। मिलान पूरा होने के बाद ही चोरी गए सामान की सही संख्या और उसकी कुल कीमत सामने आएगी। सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई इस चोरी के बाद पुलिस के सामने आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की चुनौती है। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

खिरकिया में प्रज्ञाश्री ने धर्मसभा को संबोधित किया

धन से नहीं, धर्म और चारित्र से होती व्यक्ति की पहचान : प्रज्ञाश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



प्रज्ञाश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन अनंत पुण्यवाणी से प्राप्त हुआ है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। मानव जीवन का मूल्यांकन धन से नहीं, बल्कि धर्म से करना चाहिए। तभी हम वास्तविक मानवता में प्रवेश कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपना पोषण करना चाहिए, दूसरों का शोषण नहीं। जीवन को अमूल्य और उपयोगी बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धन को लेकर अहंकार नहीं करना चाहिए। व्यक्ति की पहचान धन से नहीं, धर्म से होती है। हमें चित्र के नहीं, बल्कि चारित्र के पुजारी बनना चाहिए। मनुष्य की वास्तविक शोभा उसके सद्व्यवहार और चारित्र से होती है। इसके पूर्व प्रेक्षाश्री ने कहा कि हम धर्म तो कर रहे हैं, लेकिन हमारे जीवन में परिवर्तन नहीं हो रहा है। यह शरीर अलग है और आत्मा अलग। संसार असार है, जबकि संयम में ही सार है।

साध्वियों के मुखारविंद से तपस्वी मधु बरडिया ने 10 उपवास तथा रीना बरडिया ने 7 उपवास के पच्चखान ग्रहण कर अदम्य आत्मबल का परिचय दिया। तप अनुमोदना के अवसर पर आशीष समदड़िया एवं खिरकिया महिला मंडल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति से ओतप्रोत अभिव्यक्तियां प्रस्तुत कीं। धर्मसभा का संचालन संपत भूरा ने किया। इस अवसर पर श्री श्वेतांबर जैन श्रीसंघ खिरकिया के श्रावक-श्राविकाएं एवं गुरु भक्त उपस्थित रहे। इनमें हेमचंद भंडारी, नगिन मेहता, सुरेश बाफना, मोहन सोनी, विजेंद्र राजपूत, आशीष समदड़िया, नयन विनायक्या, सुमित भंडारी, आदेश विनायक्या, कुसुमलता भंडारी, शांता बाई चोरड़िया, कांता रांका, विमला रांका, संपत बाई सांड, प्रमिला भंडारी, सुनीता सांड, उषा मेहता, कंचन भंडारी, उज्ज्वला बाफना, विजया रांका, सुनीता रेदासनी, रत्ना समदड़िया, दीपाली सांड आदि शामिल रहे। ज्ञातव्य है कि प्रज्ञाश्री ठाणा-4 का पावन वर्षावास 2026 गुड़ी संघ को प्राप्त हुआ है। साथ ही छनेरा में विराजित साध्वियों के दर्शन एवं सानिध्य का लाभ भी श्रद्धालुओं को मिल रहा है। जानकारी मोहन सोनी एवं आशीष समदड़िया ने दी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापामार कार्रवाई

ब्रजेश ट्रेडिंग कंपनी से देशी घी के नमूने लिए, 2.17 लाख का घी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कलेक्टर गुरु प्रसाद के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खरगोन के जवाहर नगर स्थित ब्रजेश ट्रेडिंग कंपनी पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा धोलपूर फ्रेश देशी घी के चार नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि संदेह के आधार पर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित खाद्य पदार्थ की कुल 364.5 लीटर मात्रा, जिसकी अनुमानित कीमत 02 लाख 17 हजार 635 रुपये है, को विधिवत जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विक्रेता एवं निर्माता फर्म के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियम, 2011 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से सैंपलिंग एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एच.एल. अवास्या सहित खाद्य सुरक्षा विभाग का अमला उपस्थित रहा।

जिला न्यायालय मंडलेश्वर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

मध्यस्थता से समय और धन की होती बचत: प्रधान जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडलेश्वर द्वारा जिला न्यायालय मंडलेश्वर के सभाकक्ष में पक्षकारों के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मध्यस्थता, पारिवारिक विवादों के समाधान, पॉक्सो अधिनियम, स्थायी लोक अदालत तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश जोशी ने कहा कि मध्यस्थता (मीडिएशन) केवल वैवाहिक मामलों तक सीमित नहीं है, बल्कि चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, संपत्ति विवाद सहित अन्य राजीनामा योग्य मामलों का भी प्रभावी समाधान है।

उन्होंने कहा कि मध्यस्थता से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा न्यायालयीन प्रक्रिया का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो पाता है। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से ऐसा समाधान निकाला जाता है जो सभी को स्वीकार्य होता है। कुटुंब न्यायालय, मंडलेश्वर के प्रधान न्यायाधीश पंकज सिंह माहेश्वरी ने कहा कि परिवार न्यायालय का उद्देश्य परिवारों को जोड़ना और पारिवारिक विवादों का शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के विवादों में समझाइश एवं मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन हमला एवं अश्लील सामग्री से संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने पीड़ित की पहचान गोपनीय रखने, विशेष न्यायालयों में त्वरित सुनवाई, पीड़ित प्रतिकर योजना-2015 तथा निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के प्रावधानों की भी जानकारी दी।

शिविर में 17 बच्चों का पंजीयन

10 बच्चों को निशुल्क सर्जरी के लिए भोपाल किया गया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र, जिला चिकित्सालय खरगोन में लाहोटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल के सहयोग से निःशुल्क जांच एवं सर्जरी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जन्मजात विकृतियों एवं शल्य चिकित्सा योग्य समस्याओं से ग्रसित बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उपचार के लिए चयन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में लाहोटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. निशांत ग्रासे एवं डॉ. चंचल ठाकुर ने कटे होंठ एवं फटे तालू, हर्निया, हाइड्रोसील, हाइपोस्पेडियास, टंग टाई, सिस्ट सहित अन्य जन्मजात एवं शल्य चिकित्सा योग्य समस्याओं से ग्रसित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। डीईआईसी मैनेजर विनोद पंवार ने बताया कि शिविर में कुल 17 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 10 बच्चों का निशुल्क सर्जरी के लिए चयन किया गया। चयनित बच्चों को उसी दिन लाहोटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल की टीम अपने साथ भोपाल लेकर रवाना हुई, जहां उनकी निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। यह सुविधा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है।

शिव पालकी यात्रा का पहला निमंत्रण प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सनातन परंपरा के अनुसार शुभ कार्य की शुरुआत प्रथम पूज्य भगवान गणेश के पूजन से होती है। इसी परंपरा के तहत श्री सिद्धेश्वर महादेव समिति ने 17 अगस्त, तृतीय सावन सोमवार को निकलने वाली शिव पालकी यात्रा का पहला निमंत्रण शुक्रवार को प्राचीन चिंतामन गणेश मंदिर में भगवान गणेश के चरणों में अर्पित किया। शिव पालकी यात्रा के मीडिया प्रभारी आशीष गुप्ता ने बताया कि भगवान गणेश को पहला निमंत्रण देने के साथ सावन माह का भक्ति वातावरण और भक्तिमय हुआ है। समिति संस्थापक किशोर कौशल और अध्यक्ष विपुल चांडक ने कहा कि भगवान गणेश को पहला निमंत्रण देना धार्मिक परंपरा है। श्री सिद्धेश्वर महादेव समिति के अनुसार शिव पालकी यात्रा 17 अगस्त को दोपहर 2 बजे स्थानीय कोतवाली चौराहे से शुरू होगी। इस मौके पर अध्यक्ष विपुल चांडक, शंकर प्रजापति, सुनील दुबे, प्रदीप चौहान, बृजमोहन सोनी, मनोज जैन, प्रदीप कौशल, अनिल शर्मा, सतनारायण माहेश्वरी, बृजेश पाराशर, प्रवीण तिवारी, आरसी जैन, प्रदीप चावड़ा, राजेश शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।